## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- दूसरे चरण के मतदान के लिए कल शाम पांच बजे समाप्त हो जाएगा चुनाव प्रचार। 20 नवंबर को 38 विधानसभा क्षेत्रों में डाले जायेंगे वोट।
- एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं का संथाल और कोयलांचल के इलाकों में प्रचार अभियान जोरों पर, आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी।
- भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का लगाया आरोप।
- झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा– भाजपा बांग्लादेशी घुसपैठ के नाम पर जनता को गुमराह कर रही है।

***************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए सोमवार शाम को चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। जिसे लेकर एनडीए और इंडी गठबंधन के नेता संताल और कोयलांचल के इलाकों में जोर शोर से प्रचार कार्य में लगे हैं।

***************

एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं का संथाल और कोयलांचल के इलाकों में प्रचार अभियान और आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हेमंत सोरेन सरकार पर घुसपैठियों का भरण–पोषण कर राज्य के आदिवासियों की जमीन उन्हें हस्तांतरित करने का आरोप लगाया है। वे आज जामताड़ा के नाला विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

इधर, राज्य के मुख्यमंत्री और झारखंड मक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने भाजपा पर गलत बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। श्री सोरेन ने कहा है कि भाजपा बताए कि कहां घुसपैठ हो रहा है। वे आज गिरिडीह विधानसभा के जमुआ में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

***************

झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने हेमन्त सोरेन सरकार पर राज्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। महागामा विधानसभा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के एक मंत्री के घर से करोड़ों की सम्पति जब्त की गई है।

***************

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आज बेरमो विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार जनता को सात गारंटी दे रही है।

***************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने हेमंत सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। श्री मुंडा आज सारठ विधानसभा के हरिपुर मैदान में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंग्लादेशी घुसपैठी न केवल यहां की जमीन पर कब्जा कर रहे है बल्कि यहां की महिलाओं और संविधान के लिए भी खतरा पैदा कर रहे है।

***************

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ;मार्क्सवादी की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने कहा कि भाजपा के पास चुनाव जीतने के लिए कोई मुद्दा नहीं बचा है। वे पाकुड़ में पत्रकारों को संबोधित कर रही थीं।

***************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि दूसरे चरण के तहत होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मतदान के लिए यूथ मैनेज्ड, वूमेन मैनेज्ड और पीडब्ल्यूडी मैनेज्ड बूथ देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा यूनिक बूथ भी बनाया जाएगा

साउंड बाइट – के रवि कुमार – 38 सेकेंड

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी गिरिडीह जिले की 6 विधानसभा सीट, गिरिडीह, बगोदर, जमुआ, डुमरी, गांडेय और धनवार के लिए दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट –

****************

राज्य में पारा नीचे गिरने से अधिकांश जिलों में ठंड ने दस्तक दी। मौसम विभाग ने 22 नवंबर तक सवेरे कुहासा और मौसम के शुष्क रहने का पूर्वानुमान जारी किया है।

******समाप्त*******